हिन्दी सांध्य दैनिक | Sangharshsesiddhi@gmail.com | उज्जैन, सोमवार 29 सितबर 2025 | वर्ष-04 अंक-58 पृष्ठ-08, मूल्य-3 रुपये

डाक पंजीयन क्रं. मालवा डिविजन/404/2025-27 RNIMPHI/2022/86763



# संघर्ष से सिद्धि

खबरों के साथ, हर नजरिये की बात



स्व. पूज्य पिता रतनलाल जी माहेश्वरी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी(जेल) रानापुर जिला झाबुआ के चरणों में सादर समर्पित

''स्वदेशी अपनाओ, राष्ट्र को शक्तिशाली बनाओ''

## उज्जैन ने रच दिया है इतिहास

# गौरव का ऐतिहासिक क्षण मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की उपस्थित में विश्व रिकार्ड बनाया






## उज्जैन उत्तर विधानसभा के 121 स्थानों पर 25,000 से अधिक कन्याओं का पूजन कर नवरात्रि कन्या पूजन महोत्सव ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है

**उज्जैन। यह केवल आस्था और परंपरा का उत्सव नहीं, बल्कि नारी शक्ति के सम्मान और समाज की एकता का अनुपम उदाहरण है।**

हर्ष और गर्व का विषय है कि इस अभूतपूर्व और ऐतिहासिक आयोजन के ना केवल हम साक्षी बने वरन हम सब की साहभागीता यह गौरव उज्जैन और मध्यप्रदेश को प्राप्त हुआ है। हमारे मित्र और विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा की अगुवाई मे रविवार का दिन इतिहास के पन्नों में उज्जैन का नाम जुड़ गया यह बात विक्रमादित्य मार्केट में आयोजित नगर के कन्या पूजन के अवसर पर वार्ड क्रमांक 16 और 19 के आयोजन के अवसर पर मध्य प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डाँ मोहन यादव ने लोकमान्य तिलक महाआयोजन समिति के द्वारा गोल्डन बुक आँफ वर्ल्ड रिकार्ड प्राप्ति के अवसर पर व्यक्त किया। आपने कहा की यह उपलब्धि उज्जैन की पावन धरा की सनातन संस्कृति को वैश्विक मंच पर स्थापित करती है।आइए, इस गौरवशाली क्षण के साक्षी बनें और अपनी संस्कृति पर गर्व करें। स्वागत भाषण और परिकल्पना पर अपना उद्बोधन देते हुए लोकमान्य तिलक महा आयोजन समिति के संयोजक और विधायक अनिल जैन कालूहेडा ने कहा कि इस आयोजन की सफलता के सूत्र लगभग 5000 कार्यकर्ता 121 यजमान जिन्होंने अपने स्वयं के खर्चे से सारी व्यवस्थाओं को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया इस पूरी सफलता के असली अधिकार वह मातृशक्ति कन्या के रूप में है जिन्होंने आकर यहां पूजन हेतु हमको अवसर प्रदान किया । हम सबके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं साथ ही मध्य प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी का जिन्होंने आकर इस क्षण को ऐतिहासिक बनाया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद उमेश नाथ जी महाराज, विधायक सतीश मालवीय, महापौर मुकेश टटवाल, निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव, भारतीय जनता पार्टी महानगर के अध्यक्ष संजय अग्रवाल, पूर्व विधायक राजेंद्र भारती, शांतिलाल जैन रामविलास गुप्ता, राजेश महेश्वरी, करुणा आनंद जैन, राजेश बाथम, पार्षद महेश जी खंडेलवाल, शैलेन्द्र कलवाडीया, अशोक केथवास, दिनेश जाटवा, सोनल अजय जोशी, महेश परियानी, अनिल शिंदे, वरुण पितलिया, महेश चौहान, सुभाष डोडिया, पवन विश्वकर्मा, मनीष पीपाड़ा, विनय डड्डा, मनीष चौधरी, प्रसन्न जैन, ज्ञानेश सोनी, रवि अग्रवाल,.नरेंद्र सिंह परिहार, कपिल पाल, बसंत भारती, उमेश सेंगर, एडवोकेट सुरेश बाथम, दीपक वैष्णव, संस्कार बैरागी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन आयोजन समिति के सहसंयोजक जगदीश पांचाल ने किया एवं आभार प्रदर्शन करुणा आनंद जैन ने किया । जानकारी मीडिया प्रभारी दिनेश जाटवा ने दी।

## मुख्यमंत्री ने बंगाली कालोनी और ऋषि नगर में माता काली और माता शक्ति का पूजन किया

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को उज्जैन प्रवास के दौरान शाम को शहर में बंगाली कालोनी और ऋषि नगर में अयोजित नवदुर्गा उत्सव कार्यक्रमों में सम्मिलित हुए। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने इस अवसर पर बंगाली कॉलोनी में माँ काली मंदिर में पूजन कर धूप अर्पित कर कहा की यहां के आयोजन की परम्परा बहुत पुरानी और समृद्धशाली है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का बंगाली कालोनी में लाड़ली बहनों द्वारा शंखनाद कर स्वागत किया गया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री डॉ यादव ने ऋषि नगर में माँ शक्ति की पूजा की। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा की माता के आशिर्वाद से प्रदेश में लगातार विकास के कार्य हो रहे हैं। उज्जैन में सिंहस्थ 2028 के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। माता के आशिर्वाद से सिंहस्थ 2028 का आयोजन बहुत दिव्य होगा। उन्होने सभी माता, लाड़ली बहनों और श्रद्धालुओं को नवरात्री पर्व की मंगल कामनाएँ दी।



# पुलिस प्रशासन एवं नगर परिषद को जो करना था वह श्रीमती यश्वी शाह ने कर दिखाया

# राणापुर का गौरव बनी श्रीमती यश्वी शाह

(पंकज गोस्वामी)

**राणापुर।** सुरक्षा की दृष्टि से नगर के मुख्य मार्ग और चौराहों पर पुलिस प्रशासन ओर नगर परिषद की ओर से सी सीटीवी कैमरे लगाने चाहिए थे पर पुलिस प्रशासन भी इस मामले में फिसड्डी रहा वहीं नगर को स्मार्ट सिटी के स्वप्न दिखाने वाली परिषद भी ओर यह कार्य कर दिखाया सामाजिक कार्यकर्ता नगर की बेटी श्रीमती यश्वी नितेश शाह ने जब नगर के प्रमुख चौराहों पर 06 सीसीटीवी केमरे लगाने के लिए थाना प्रभारी टीआई दिनेश रावत को सुपुर्द किए साथ ही उनको लगाने का व्यय भी वहन किया जिस पर औसत 55 हजार रुपए खर्च हुए। श्रीमती यश्वी शाह के मन में अचानक कुछ नया कर दिखाने की ललक पैदा हुई ओर महाशक्ति महिला मंडल का गठन किया जिसमें तकरीबन 30 महिला जुड़ी। महिलाओं ने नगर में अनेक सामाजिक राष्ट्रीय कार्यक्रमों की सौगात दी। पर्यावरण, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में अनेक कार्य किए। रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर के आयोजन किए। पर्यावरण के क्षेत्र में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में भी अहम भूमिका निभाई जिससे कलेक्टर ने सम्मानित किया। नगर की बेटी यश्वी शाह ने सैकड़ों जाती के फूलों का बगीचा भी मकान की ऊपरी मंजिल पर लगा रखा हे। 05 डॉग होम भी बना रखे हे जिसमें कुत्तियां का प्रसव हो सके तथा बच्चे सुरक्षित रह सके। श्रीमती यश्वी शाह की इन कार्यो की पूरे नगर के



द्वारा सराहना की जा रही है और फिलहाल में अपनी बेटी के जन्मदिन पर सीसी कैमरे सार्वजनिक स्थानों पर लगाने का कार्य किया। नगर के बड़े व्यापारी,बड़े सामाजिक कार्यकर्ता और धवल वस्त्र वाले नहीं करा सके वह कार्य इस मध्यम श्रेणी की महिला ने कर दिखाया। असल में श्रीमती यश्वी शाह के पति नितेश एक चाय की दुकान चलाते है और कांग्रेस के मैदानी कार्यकर्ता है।

नगर की बेटी यश्वी शाह की कार्य शक्ति देखते हुए विधायक डॉ विक्रांत भूरिया ने रोगी कल्याण समिति में अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है।

यहां यह बताना भी आवश्यक हे कि विगत 10 वर्षों से पदस्थ थाना प्रभारियों से कैमरे लगाने की मांग थाने में होने वाली सुरक्षा समिति की बैठकों में की जाती रहीं हे पर मांग पूरी न हुई। पूर्व थाना प्रभारी ने थाने का दुरुस्तीकरण करवाया नए सोफे लगवाए उसी तर्ज पर वर्तमान में पदस्थ टीआई श्री रावत ने भी पुराने सोफा सेट को हटाकर दीवारों पर किए गए कलर के कॉम्बीनेशन कलर का सोफा सेट लगवाया और AC भी लगवाया पर जनता के हितों में कोई भी कार्य का न होना आम जनता के मानस में आक्रोश पैदा कर रहा है। श्रीमती यश्वी नितेश शाह के इस साहसिक कार्य की प्रशंसा करते हुए सकल जैन समाज के दिलीप सकलेचा, पवन एम अग्रवाल, चंद्रसेन कटारिया, हार्दिक पंचोली, सुरेश समीर, तरुण परिषद के राष्ट्रीय सदस्य अवि सकलेचा ने नगर की बेटी यश्वी शाह के आरोग्य पूर्ण भावी जीवन की मंगलकामना प्रेषित की है।

## श्री सिद्ध हनुमान मंदिर की महाआरती में इंदौर से आएंगी यूट्यूब की मशहूर कंटेंट क्रिएटर विन्नी सातनकर

(ब्यूरो चीफ राकेश सिंह 8226096301)



बैतूल। महावीर वार्ड स्थित श्री सिद्ध हनुमान मंदिर नवदुर्गा उत्सव समिति के तत्वाधान में नवरात्रि के पावन अवसर पर महाआरती का आयोजन आज सोमवार 29 सितंबर को सायं 8 बजे किया जा रहा है। इस पावन आयोजन को और भी विशेष बनाने के लिए इंदौर की सुप्रसिद्ध यूट्यूब कंटेंट क्रिएटर कुमारी विन्नी सातनकर विशेष रूप से पधार रही हैं। विन्नी सातनकर अपने आध्यात्मिक और प्रेरणादायक कंटेंट के लिए देशभर में जानी जाती हैं। उनके यूट्यूब चैनल पर 8.27 मिलियन सब्सक्राइबर्स हैं और वह विशेषकर युवा वर्ग के बीच अत्यंत लोकप्रिय हैं। पहली बार बैतूल आ रहीं कुमारी विन्नी सातनकर के आगमन को लेकर भक्तों में विशेष उत्साह है। नवदुर्गा उत्सव समिति ने समस्त नगरवासियों एवं मातारानी के श्रद्धालुओं से अनुरोध किया है कि अधिक से अधिक संख्या में सपरिवार उपस्थित होकर महाआरती का लाभ लें और मां दुर्गा की कृपा प्राप्त करें।

# पिपलिया राव जी में आयुष चिकित्सा शिविर सम्पन्न



**नीमच। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा, पोषण माह एवं स्वस्थ नारी एवं सशक्त परिवार अभियान के तहत निशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर आंगनवाड़ी केंद्र पिपल्या रावजी में शनिवार को आयोजित किया गया।**

शिविर में आम वात, संधिवात, चर्म रोग, उदर रोग, विबंध, श्वास, कास, प्रतिशय, रक्त अल्पता, रक्तचाप, अर्श, गैस, अम्लपित्त, साइटीका, हृदय प्रमेह आदि से पीड़ित रोगियों की जांच कर निःशुल्क औषधि वितरित की गई। शिविर में 36 रोगियों ने स्वास्थ्य लाभ लिया तथा रोगियों को तनाव से मुक्ति, गर्भावस्था का आहार, स्वच्छता अभियान, दिनचर्या, पोषण से सम्बन्धित जानकारी दी गई। शिविर में पंचायत पदाधिकारी, आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, औषधालय का स्टाफ मौजूद था। यह जानकारी जिला आयुष अधिकारी डॉ. आशीष बोरना ने दी है।

# उप जेल पवई में स्थापित दुर्गा प्रतिमा बनी आस्था का केंद्र

(समीम मंसूरी)

**पवई/पन्ना। जिले की तहसील पवई के उप जेल पवई में शारदीय नवरात्र के अवसर पर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई है। यह आयोजन जेलर मुनींद्र मिश्रा की अनुमति और सहयोग से संपन्न हुआ।**



नवरात्रि के इस पावन अवसर पर बंदियों ने श्रद्धा भाव से मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की जा रही है जेल पवई में सभी बंदी भक्ति भाव हर्ष उल्लास के साथ मां की भक्ति में लीन है सभी बंदी अपने अपराधों ओर पापों का पश्चाताप करते हुए मां से प्रार्थना कर रहे हैं जल्दी से जल्दी जेल से रिहा होकर अपने परिवार से मिलने की प्रार्थना करते हुए भक्ति में लीन है। जेल प्रशासन द्वारा कैदियों को धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने की अनुमति देकर मानसिक रूप से मजबूत बनाने की दिशा में यह एक सराहनीय प्रयास है। जेलर मुनींद्र मिश्रा ने बताया कि इस तरह के आयोजन कैदियों में सकारात्मक सोच और आत्मबल को बढ़ावा देते हैं और यह भी प्रेरणा देता हैं कि हम जुर्म की रास्ते पर ना चले क्योंकि जुर्म का रास्ता वह होता है कि हमेशा गुनाहों की दलदल में फंसा देता है इस तरह का आयोजन जेल प्रबंधन के द्वारा किया जाना जेल में बंद कैदियों को सही रास्ते पर लाने की प्रेरणा देता है।

# नगर परिषद में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

**जीरापुर (शिवम गुप्ता)।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अंतर्गत कार्यालय नगर परिषद जीरापुर में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कार्यालयीन कर्मचारी और जन सेवकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर के दौरान उत्तम स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी गई



वहीं हम कैसे निरोगी बने रहे इस विषय पर विचार साझा किए गए। स्वास्थ्य विभाग से आजम शेख, मोहित जैन, बजरंग सिंह, मनीष मालवीय, एलकार सिंह, और टीम द्वारा कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर हेल्थ संबंधी टिप्स दिए गए ।इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिओम शर्मा, देवनारायण दांगी,रमेशचंद्र नाथ, रमेश मालवीय, ओंकार मंडलोई, कमल भावसार, भगवान सिंह परिहार राहुल दांगी, राम दांगी, राकेश मंडलोई, सहित समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत शिविर का आयोजन

(धर्मेश सोनी )

**पेटलावद/झाबुआ।** स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झकनावदा में विशेषज्ञ चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ कैबिनेट मंत्री महिला बाल विकास विभाग सुश्री निर्मला भूरिया द्वारा द्वीप प्रज्वलन व कन्या पूजन कर किया गया। शिविर में पुष्पगुच्छ द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। शिविर में स्त्री रोग शिशु रोग एमडी मेडिसिन जनरल सर्जरी हड्डी रोग क्षय रोग नेत्र रोग तथा दंत रोग, फिजियोथैरेपी आदि विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने सेवाएँ प्रदान की। महिला एवं बाल विकास परियोजना के तत्वावधान में आयोजित पोषण प्रदर्शनी में लोगों को संतुलित आहार और पोषण संबंधी जागरूकता प्रदान की गई। प्रदर्शनी में



विशेष रूप से महिलाओं एवं किशोरियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए स्वस्थ परिवार की दिशा में जागरूकता प्रसारित की गई। इस आयोजन का उद्देश्य महिलाओं और किशोरियों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए स्वस्थ और सशक्त समाज की नींव रखना रहा जिसे उपस्थित जनसमुदाय ने सराहा। शिविर में संबंधित अधिकारीगण, स्टाफ सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

संजय जैन (सह-संपादक)
942510-1357 883910-7012
गिद्ध दृष्टि

# कांग्रेस नेताओं को सत्ता की थी छटपटाहट या थी जनता की चिंता....?-जीवन बचाओ आंदोलन था या कांग्रेस बचाओ आंदोलन?-नगर की जनता.....

## कांग्रेस नेता मुख्य मुद्दे से भटके और वरिष्ठ नेता मंच से कांग्रेस के लिए वोट मांगते नजर आए....










**झाबुआ/मेघनगर (संजय जैन-सह संपादक)। प्रदेश के झाबुआ जिले के मेघनगर औद्योगिक क्षेत्र में कांग्रेस का जीवन बचाओ आंदोलन जनसमर्थन जुटाने में पूरी तरह से विफल नजर आया, जबकि जिले में दो कांग्रेस के विधायक भी है।**

एक तो थांदला के वीर सिंह भूरिया और दूसरे झाबुआ के डॉ.विक्रांत भूरिया आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने आंदोलन के तहत मेघनगर में रोड शो किया और मंडी प्रांगण में जनसभा को संबोधित किया। लेकिन अधिकतर देखा गया कि मंच पर नेताओं का फोकस जनमुद्दों और प्रदूषण से अधिक चुनावी वोट मांगने पर ही रहा।






**केमिकल युक्त रंगीन पानी प्रशासन को पिलाऊंगा.....**

जीतू पटवारी ने सभा को संबोधित करते हुए झाबुआ के मेघनगर क्षेत्र में केमिकल फैक्ट्री से हो रहे प्रदूषण का ज्वलंत और जनता की आवाज का महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया।

उन्होंने कहा कि इन फैक्ट्रियों की वजह से क्षेत्र का पर्यावरण बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। जल जंगल, जमीन, पशु, पक्षी और किसान सभी इसकी चपेट में आये है। उन्होंने आरोप लगाया कि ये प्रतिबंधित केमिकल प्लांट को गुजरात से लाकर यहां स्थापित कर दिए गए है। जब अधिकारियों से इन प्लांट्स में स्थानीय लोगों की संख्या पूछी जाती है तो कोई जवाब नहीं मिलता है, सिर्फ निराशा ही हाथ लगती है। उन्होंने प्रशासन को खुली चेतावनी दी कि यदि 2 माह के भीतर फिल्टर प्लांट सुचारू रूप से नही चलेगा, तो मैं अचानक बिना बताए निरीक्षण के लिए आऊंगा, यदि स्थिति में बदलाव नही आया तो यही केमिकल युक्त रंगीन पानी प्रशासन को पिलाऊंगा। भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए पटवारी ने कहा प्रदेश में ऐसा कोई विभाग नहीं है,जहा बिना रिश्वत दिए कोई काम होता है। पटवारी ने कैलाश विजयवर्गी को आड़े हाथों लेते हुए कुकृत्य मंत्री भी कहा, साथ ही बीजेपी सरकार को पूरी तरह विफल भी बताया।

**प्रदूषण का मुख्य मुद्दा पूरी तरह से ही भटक गया......**

आंदोलन के दौरान मंच पर कांग्रेस नेता मुख्य मुद्दों से भटक कर कांग्रेस की सरकार बनाने और चुनाव प्रचार में लग गए और खुलकर कांग्रेस के लिए वोट मांगने लग गए थे। जिससे आम जनता के बीच भटकाव का माहौल भी देखा गया। यह बात नगर के लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है। जीवन बचाओ आंदोलन को लेकर एक ओर तो कांग्रेस भले ही गंभीर रही,लेकिन दूसरी ओर आयोजन का मुख्य मुद्दा प्रदूषण का पूरी तरह से ही भटक गया। भाषणों को तो सुनकर ऐसा ही महसूस हुआ कि कांग्रेस मुख्य मुद्दे के बजाय सत्ता प्राप्ति के लिए छटपटा रही हो।

**कांग्रेस विधायक के बिगड़े बोल.......**

कांग्रेस विधायक की विवादित जुबान धर्म देवी और धाम पर की गयी टिप्पणी से अब जनता आक्रोशित हो रही है। ऐसे पवित्र धाम रामदेवरा का नाम लेकर उन्होंने न केवल आदिवासी समाज की भावनाओं को आहत किया,बल्कि पूरे हिंदू समाज के आस्था केंद्र पर चोट पहुंचाई। जिससे कांग्रेस पार्टी के दोहरे चरित्र और हिंदू विरोधी मानसिकता का लगभग पर्दाफाश हो गया। नवरात्रि के पवित्र पर्व में जब पूरा देश देवी शक्ति की आराधना,उपासना और पूजा में डूबा हुआ है, ऐसे समय में विधायक ने मातृशक्ति को बाईया जैसे अपमानजनक शब्दों से संबोधित भी किया। गौरतलब है कि वे तो आंदोलन के पहले यह भी कह रहे थे कि कि हम प्लांटों पर जाकर ताला लगा देंगे,लेकिन इस बात का उन्होंने तनिक भी जिक्र ही नही किया, ऐसा क्यो यह तो वे ही बेहतर बता सकते है...? क्योंकि यह जो पब्लिक है कि सब जानती है।

**कांग्रेस विधायक ने हिंदू देवी देवता का अपमान किया है-भाजपा जिलाध्यक्ष...**

भाजपा के जिला अध्यक्ष भानू भूरिया ने इस पर घोर निंदा व्यक्त करते हुए कहा कि यह पहली बार नहीं है कि कांग्रेस विधायक हिंदू धर्म और उनकी परंपराओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी नही की हो। जहां एक ओर भाजपा के जनप्रतिनिधि क्षेत्र की जनता की सेवा और विकास कार्य में जुटे हैं,वहीं कांग्रेस विधायक हिंदू देवी देवताओं का अपमान कर रहे हैं। उनकी पार्टी तो सत्ता में आने से पहले ही आपस में लड़ने लगी है। अब जनता ने मन बना लिया है कि कांग्रेस का आने वाले चुनाव में जिले से भी सुपड़ा साफ कर देगी।

**कांग्रेस में गुटबाजी खुलकर सामने आ गयी.......**

आंदोलन में तो कांग्रेस की छटपटाहट सिर्फ सत्ता हासिल करने जैसी नजर आई। मजेदार बात तो यह है कि अभी सरकार तो बनी नहीं और उसके पहले ही पटवारी ने मंत्री पद तक का बटवारा कर डाला। कही कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष पटवारी ने नेताओं को गुटों में बांटकर कौन मंत्री बनेगा का खेल तो नहीं खेल लिया....?

**आस्था का अपमान बर्दाश्त नहीं, हिंदू युवा जनजाति संगठन ने थांदला विधायक का फुका पुतला........**

थांदला विधायक वीर सिंह भूरिया के विवादित बयान ने आदिवासी समाज की धार्मिक आस्थाओं को गहरी ठेस पहुंचाई है। इस असंवेदनशील बयान से आदिवासी समाज में गुस्से की लहर दौड़ गई। हिंदू युवा जनजाति संगठन ने विधायक का पुतला दहन कर तीखा विरोध दर्ज भी करा दिया।

संगठन के कार्यकर्ताओं ने नारे बाजी करते हुए चेतावनी दी कि यदि विधायक ने खुले मंच से समाज से माफी नहीं मांगी,तो जन आंदोलन और उग्र रूप धारण भी करेगा। उन्होंने कांग्रेस पार्टी से यह भी मांग की है कि ऐसे नेताओं पर कार्रवाई हो,अन्यथा आदिवासी समाज कांग्रेस के खिलाफ बड़े पैमाने पर आंदोलन खड़ा करेगा।

## हो गया या आंदोलन अब आगे क्या?-जीवन बचाओ आंदोलन था या कांग्रेस बचाओ आंदोलन...?

**नगर की जनता से इस आंदोलन के बाद हमारी टीम ने चर्चा की तो कुछ लोगों ने व्यंग करते हुए कहा कि हम तो पिछले कई वर्षो से दोनों प्रमुख दलों का प्रदूषण के मुद्दे पर आंदोलन देखते आ रहे है, लेकिन नतीजा सिफर ही रहा। हमारा तो दोनों ही दलों के नेताओं को एक ही सुझाव है कि लाखो रुपये आंदोलन में खर्च न करे वे सिर्फ हर प्लांट पर सीसीटीवी लगाने का खर्च ही वहन कर लेवे और उस पर अपनी पैनी नजर रखने हेतु खुद ही एक सेंटर खोल देवे। यदि वे यह खर्च वहन करने में सक्षम नही है, तो हमसे कहे हम चंदा दे देते है। लेकिन ध्यान रहे,हमसे चंदा लेने के बाद वोट भी तो हम से मांगने आता है। कुछ लोगों ने यह तक कह दिया कि यदि प्रदूषण से कोई भी दल मुक्ति नहीं दिलाएगा तो हम पूर्ण रूप से आने वाले सभी चुनावो का समस्या हल नही होने की स्थिति में बहिष्कार करेंगे। कुछ लोगों ने रोष पूर्वक कहा कि यह जीवन बचाओ आंदोलन था या कांग्रेस बचाओ आंदोलन....?**

## संपादकीय....

# बिहार में खैरात

लोकतंत्र का जीवन मानी जाने वाली मतदान-प्रणाली को मुफ्त के आकर्षण से प्रभावित करने की कोशिश लगातार बढ़ती गई है। आम लोगों को मुफ्त की सौगात देकर उनका समर्थन हासिल करने की प्रवृत्ति पर सुप्रीम कोर्ट भी नाराजगी जता चुका है। इस चलन पर नैतिकता और औचित्य के सवाल उठते रहे हैं, लेकिन इसे रोकने के लिए कुछ भी ठोस होता नहीं दिखता। बिहार में पचहत्तर लाख महिलाओं के खाते में दस-दस हजार रुपए भेजे जाने की पहल निश्चित रूप से राज्य की महिलाओं के सशक्तीकरण की प्रक्रिया को मजबूत करने की कोशिश है। मगर वहां विधानसभा चुनावों के दिन करीब आने के साथ ही जिस तरह इसकी घोषणा की गई, उसमें राजनीतिक लाभ उठाने की मंशा को लेकर सवाल उठना स्वाभाविक है। यह छिपा नहीं है कि बिहार में रोजी-रोजगार की तस्वीर कैसी है और उसमें बड़े पैमाने पर गरीब तबकों के परिवारों को रोजमर्रा के खर्चे जुटाने के लिए कितने जतन करने पड़ते हैं।

मगर यह कोई आज अचानक उपजी स्थिति नहीं है। लंबे समय से बिहार में कमजोर तबकों के लोग रोजी-रोटी की उम्मीद में दूसरे राज्यों में जाते रहे हैं। ऐसे में यह समझा जा सकता है कि ज्यादातर गरीब परिवारों के लिए दस हजार रुपए की अहमियत क्या होगी और यह राशि मुहैया कराने वालों को वे किस रूप में देखेंगे। मगर इस सहायता राशि के लिए जो कसौटियां तय की गई हैं, उसमें इसका लाभ कितने वास्तविक जरूरतमंदों को मिलेगा, यह देखने की बात होगी। सवाल है कि बिहार सरकार को ठीक चुनावों से पहले महिलाओं की सहायता करने की सुध क्यों आई, जबकि एक बड़े तबके के बीच अभाव के हालात बहुत पुराने हैं।

यह बेवजह नहीं है कि इस कवायद को चुनाव में एक बड़े वर्ग के मतदान के रुख को प्रभावित करने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। पिछले कुछ वर्षों के दौरान भारतीय राजनीति में यह प्रवृत्ति काफी तेजी से मजबूत होती दिखी है कि चुनावों के मौके पर अलग-अलग राजनीतिक दल आम लोगों को मुफ्त की सौगात देने का वादा करते हैं। सत्ताधारी पार्टी या गठबंधन के दलों को सुविधा यह होती है कि वे अपनी सरकार के जरिए समाज कल्याण के नाम पर लोगों को कोई तोहफा मुहैया कराने में सबसे आगे हो सकते हैं।

# माता रानी चौक पर नवरात्रि उत्सव में सजी साउथ इंडियन झलक, भक्तिमय माहौल, गरबा महोत्सव में उमड़ा उत्साह

(आशीष वाणी जिला ब्यूरो)

**आलीराजपुर।** जिला मुख्यालय स्थित माता रानी चौक, वाणी मोहल्ला में नवरात्रि उत्सव के छठवें दिन भक्ति और सांस्कृतिक उत्साह का अद्भुत मिश्रण देखने को मिला। समाज की ओर से साउथ इंडियन ड्रेस में आकर्षक और सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई, जिसने सभी का मन मोह लिया। गरबा महोत्सव में महिलाएं और पुरुष पारंपरिक परिधानों में शामिल होकर माता रानी के भजनों पर अद्भुत गरबा प्रस्तुत कर उत्सव का आनंद दोगुना कर दिया। श्रद्धालुओं की तालियों और



जयकारों ने कलाकारों के उत्साह को और बढ़ाया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी और श्रद्धालु मौजूद रहे, जिन्होंने उत्सव में भाग लेकर माता रानी के प्रति अपनी भक्ति का रंग बिखेरा। आयोजन की सफलता ने समाज में सांस्कृतिक परंपरा और उत्सव की गरिमा को और उजागर किया।

# राठौड़ वीर दुर्गादास गरबा मंडल में गरबों का रंग, भक्ति में थिरके श्रद्धालु

## लाइव रामायण मंडल की प्रस्तुति और सेल्फी पॉइंट बने आकर्षण का केंद्र

(आशीष वाणी जिला ब्यूरो)

**आलीराजपुर। शनिवार की रात आठ बजे बारिश ने शहर को भिगोया था तब आमला लाइन स्थित राठौड़ वीर दुर्गादास गरबा मंडल के पांडाल में भक्ति और उत्साह की बारिश हो रही थी। रात ठीक 11 बजे जैसे ही ढोल-नगाड़ों की गूंज और भक्ति संगीत की स्वर लहरियाँ फिजाओं में तैरने लगीं, तो श्रद्धालु भी मां दुर्गा के रंग में रंग गए।**

चारों ओर रौशनी की चकाचौंध, पारंपरिक परिधान में सजे-धजे गरबा प्रेमी, और माता के भजनों की गूंज-यह नजारा किसी धार्मिक मेले से कम नहीं था।

**गरबा बना सांस्कृतिक उत्सव**

गरबों का सिलसिला धीरे-धीरे तेज़ होता गया। महिलाएं, पुरुष, बुजुर्ग और बच्चे-हर कोई एक ही ताल पर झूमता दिखा। भक्ति और रंगों का यह संगम देखकर यही कहा जा सकता है कि गरबा अब केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सांस्कृतिक मेल-मिलाप का प्रतीक बन चुका है।

**लाइव प्रस्तुति ने बांधा समा**

इस आयोजन का सबसे खास आकर्षण रहा पंचेश्वर रामायण मंडल की लाइव प्रस्तुति, जिसने पांडाल को भक्ति रस से सराबोर कर दिया। जैसे ही मंडल ने माता के भजन गाने शुरू किए, पांडाल में श्रद्धालुओं के पैर थमने का नाम नहीं ले रहे







थे। भजन सुनते-सुनते जब श्रद्धालु खुद को थिरकने से रोक नहीं पाए, तो समझिए भक्ति पूरी तरह उतर चुकी है। गरबा मंडल के मीडिया प्रभारी कांतिलाल राठौड़ ने बताया कि इस वर्ष की भीड़ पिछले वर्षों से कहीं ज़्यादा रही और उत्साह तो पहले दिन से ही चरम पर है।

**सेल्फी पॉइंट भी बने आकर्षण**

वीर दुर्गादास गरबा मंडल के अध्यक्ष राजेश राठौड़ ने बताया कि इस वर्ष की खास बात यह रही कि युवा वर्ग को ध्यान में रखते हुए दो 'सेल्फी प्वाइंट' बनाए गए, जो खासे लोकप्रिय रहे। हर कोई आज के दौर में यादों को संजोना चाहता है। सेल्फी पॉइंट्स ने पांडाल की खूबसूरती को और बढ़ा दिया।

**आरती का सौभाग्य**

शनिवार रात माता रानी की आरती का सौभाग्य एचडीएफसी बैंक के शाखा प्रबंधक हर्ष चौहान और वीर दुर्गादास महिला मंडल को प्राप्त हुआ। आरती में श्रद्धालुओं ने पूरी आस्था के साथ जय माता दी के जयकारों से वातावरण को भक्तिमय कर दिया।


# नपा बैतूल में टेंट-लाइटिंग घोटाले का आरोप, करोड़ों की निकासी पर सवाल


# 15 वर्षों से जारी कथित हेराफेरी, जांच टली तो बढ़ा संदेह

(ब्यूरो चीफ राकेश सिंह 8226096301)

**बैतूल। नगर पालिका परिषद बैतूल में टेंट और लाइटिंग से जुड़े बिलों को लेकर बड़ा भ्रष्टाचार उजागर होने का आरोप सामने आया है।**

राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं आरटीआई जागरूकता संगठन भारत के जिला संगठन मंत्री कन्हैयालाल चौकीकर ने जिला कलेक्टर को की गई शिकायत में बताया है कि बीते 10-15 वर्षों से फर्जी बिलों के जरिए करोड़ों रुपये का भुगतान किया गया है, लेकिन अब तक किसी भी स्तर पर जांच प्रारंभ नहीं हुई। चौकीकर के अनुसार, प्रतिवर्ष रामलीला आयोजन में जहां 30×75 या 30×90 आकार का टेंट लगाया जाता है, वहीं भुगतान 30×150 के टेंट के हिसाब से किया जाता है। इसी तरह वास्तविक आयोजन 10-12 दिन चलता है, किंतु बिल 15 दिनों के लिए तैयार कर राशि निकाली जाती है। उनका कहना है कि यह पैटर्न वर्षों से





प्रति
श्रीमान कलेक्टर महोदय, एवं
बैतूल जिला बैतूल म.प्र.

विषय :- सूचना के अधिकार के तहत प्राप्त बिलो की शिकायत बाबत्।

महोदय जी

उपरोक्त विषयांतर्गत निवेदन है कि मेरे द्वारा पूर्व मे टेंट हाउस के बिलो में भुगतान की गड़बड़ी की शिकायत की गई, जिस पर आज दिनांक तक किसी प्रकार की कोई जॉच नही की गई :-

1. महोदय जी प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी बैतूल गंज में रामलीला में नगर पालिका द्वारा टेंट व्यवस्था की जाती है। विगत वर्षो से 30X75 का टेंट लगाया जाता था, इस वर्ष 30X90 का टेंट लगाया गया, लेकिन महोदय जी प्रतिवर्ष जो बिलो का भुगतान नगर पालिका 30X150 का करती है, बिल संलग्न है, जिसकी जॉच करना अति आवश्यक है।

महोदय जी मेरे पास बहुत से टेंट हाउस से सम्बंधित बिल है, जिसका भुगतान नगर पालिका द्वारा अधिक किया गया है।

2. महोदय जी 15 अगस्त एवं 26 जनवरी के कार्यक्रम की जॉच करने के लिए आवेदन दिया लेकिन नगर पालिका के अधिकारी महोदय द्वारा जॉच नही की गई।

3. महोदय जी, गणेश विसर्जन या दुर्गा जी विसर्जन के लाइट टेंट का आदेश दो दिन दिया जाता है, लेकिन तीन दिनो का बिल बनाकर तीन दिन का भुगतान किया जाता है।

महोदय जी, बिलो की संख्या अधिक होने से मात्र कुछ बिल आवेदन के साथ आपके संज्ञान में लाना चाहता हूँ। नगर पालिका को बार-बार आवेदन जॉच हेतु दिये गये लेकिन जॉच नही की जा रहा है, तथा सूचना के अधिकार अंतर्गत पूर्ण जानकारी भी नही देकर दोषियों को बचाया जा रहा है।

जारी है।

शिकायत में यह भी कहा गया कि गणेश व दुर्गा विसर्जन जैसे आयोजनों में दो दिन का आदेश होने के बावजूद तीन दिन का बिल पेश कर भुगतान लिया गया।

15 अगस्त और 26 जनवरी जैसे राष्ट्रीय पर्वों पर भी टेंट-लाइटिंग के खर्च को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया गया।

एक ही टेंट हाउस के नाम पर हर साल लाखों के बिल पास होना सुनियोजित भ्रष्टाचार को इंगित करता है। कन्हैयालाल चौकीकर ने प्रशासन से मांग की है कि नपा बैतूल के पिछले एक दशक के टेंट-लाइटिंग से जुड़े समस्त बिलों की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए, ताकि हेराफेरी करने वालों की जिम्मेदारी तय कर कठोर कार्रवाई हो सके।

उनका कहना है कि निविदाओं में आयकर प्रमाण पत्र तो मांगा जाता है, लेकिन जीएसटी चुकता प्रमाण पत्र न लेना भी गड़बड़ी का हिस्सा है।

# समोई में गुरुवर की स्मृति में 9 दिसंबर को होगा भव्य आयोजन आज पत्रिका विमोचन में पहुंचे सैकड़ों भक्तजन

(योगेश चौहान/पंकज गोस्वामी)

**राणापुर। राणापुर नगर के समोई गांव में पांच दिवसीय भजन संध्या का आयोजन किया जाना है । यह आयोजन गुरुजी 108 नटवरलाल वृंदावन दास जी महराज की 47 वि स्मृति के अवसर पर आयोजित किया जाएगा। जिसके अंतर्गत एक भव्य आयोजन की शुरुआत 9 दिसंबर से होगी जो की 13 दिसंबर तक चलेगी। जिसकी पत्रिका का विमोचन आज गुरुवर रश्मिकांत एन भट्ट वृंदावन धाम हरकुंडी के द्वारा हजारों भक्तो के बीच की गई।**

प्रणामी संप्रदाय के आराध्य देव राज जी महाराज की महा आरती की गई। व उसके पश्चात समस्त भक्तो को भोजन प्रसादी करवाई गई। साथ ही आने वाले जिसमे भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। दोपहर 11 बजे से ही श्रद्धालुगण मंदिर परिसर में पहुंचने लगे। वही गुरुवर के समीक्ष भक्तो ने भजनों के साथ पत्रिका विमोचन में सहभागिता ली। पत्रिका विमोचन के दौरान मंदिर परिसर में सेकडो भक्तजन ने हाथो में पांपलेट लेकर जयकारों का उद्घोष किया। साथ ही मीडिया से वार्तालाप कर समस्त आयोजन की रूपरेखा को बताया।

समस्त आयोजन के तहत एक समिति गठित की गई। जिसमे राजनीति व धार्मिक कार्यों में अग्रसर अध्यक्ष के रूप में समस्त टीम द्वारा शैलेन्द्र सोलंकी जी को चुना गया। वही उपा अध्यक्ष के रूप में रूपसिंह बामनिया को चुना गया। साथ ही समस्त साथियों द्वारा इस कार्य को लेकर एकजुटता दिखाते हुए सफल कार्यक्रम की तैयारियों की रूपरेखा आज तैयार की।

**आयोजन में गुरुवर संत रहेंगे उपस्थित**

जगत गुरु आचार्य श्री 108 सूर्यनारायण दाश जी महाराज, महामंगलपुरी धाम सूरत गुजरात, 108 रश्मिकांत जी एन भट्ट गुरुजी श्री प्रणामी मंदिर वृंदावन धाम हरकुंडी गुजरात महंत श्री 108 प्रमोद जी सुधाकर जी महाराज श्री कृष्ण प्रणामि मंदिर मंगलधाम स्किकम पारस भाई वृंदावन धाम हरिकुंड आचार्य श्री 108 सेवानंद जी महाराज काचला गुजरात जैसे कई संत गुरु आयोजन में उपस्थित होंगे।



5 दिवसीय आयोजन में भागवत कथा, कृष्ण कथा, भजन सत्संग, गुरुवर का स्वागत, सोभा यात्रा, भोजन प्रसादी, जलपान, महा आरती जैसे कई सनातन संस्कृति धार्मिक आयोजन किए जाएंगे।

9 दिसंबर से 13 दिसंबर तक चलेगा यह आयोजन जिसको लेकर आज पत्रिका विमोचन किया गया। दो माह पहले ही आयोजन की तैयारिया शुरू कर दी गई है। जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है यह आयोजन कितना भव्य होगा।

आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में सोमसिंग सोलंकी ,दीपमाला नलवाया , शैलेन्द्र सोलंकी, रूपसिंह बामनिया, दिलीप नलवाया आदि कई सामाजिक व धार्मिक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# शामगढ पुलिस ने किया नकबजनी का पर्दाफाश






**मंदसौर।** दिनांक 22.09.2025 को फरियादी कृष्णपाल पिता श्यामसिंह चन्द्रावत उम्र 28 साल निवासी ग्राम बगुनिया थाना शामगढ़ ने रिपोर्ट किया कि दिनांक 19.09.25 को रेलवे कालोनी शामगढ से दरमियानी रात्री में KEC इन्टरनेशनल कम्पनी लिमिटेड मे रेलवे मेटेरियल स्टोर रुम का ताला तोडकर स्टोर रूम में रखे डबल पोल इन्सुलेटर कापर 25 केवी के 32 सेट, डोपर वायर 05 एमएम कोपर 161 मीटर एक बंडल, सेक्शन इन्सुलेटर कोपर 06 सेट, जंफर कोपर वायर 141 मीटर किसी अज्ञात आरोपीयो द्वारा चोरी करने के संबंध में रिपोर्ट किया उक्त रिपोर्ट पर से थाना शामगढ़ पर अपराध क्रमांक 361/25 धारा 331(4), 305 (ए) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

इसी तारतम्य में पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना (भा.पु.से.) ने थाना प्रभारी शामगढ धर्मेन्द्र शिवहरे को घटना को अंजाम देने वाले अज्ञात आरोपीयो को जल्द से जल्द पकड़ने के लिये निर्देश देकर आदशित किया गया। थाना प्रभारी शामगढ धर्मेन्द्र शिवहरे ने थाना स्तर पर पृथक पृथक पुलिस टीम गठीत कर घटनास्थल व आसपास दिल्ली मुम्बई 08 लाईन, गरोठ उज्जैन फोरलेन, सुवासरा, चोमेह्ला, डंग, बडोद, टोलटेक्स के करीबन 200 सीसीटीवी कैमरे चैक कर साक्ष्य संकलन कर मुखबीर सूचना के आधार पर घटना में प्रयुक्त पीकअप वाहन क्रमांक MPOS G 7160 के आधार पर आरोपी आनन्द पिता पेंशनलाल पारदी उम्र 19 साल निवासी ग्राम डाकपोलिया थाना मण्डी जिला सिहोर म.प्र., धनपाल पिता चरणसिंह पारदी उम्र 32 साल निवासी ग्राम डोकपोलिया थाना मण्डी जिला सिहोर म.प्र. व बालक-01 को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पुछताछ की गई जिनके द्वारा घटना कारित करना स्वीकार किया गया बाद आरोपीगणो के कब्जे से चोरी गया मश्रुका व घटना में प्रयुक्त पीकअप वाहन जप्त की गई आरोपीगणो को गिरफ्तार किया जाकर आरोपीगणो से अन्य प्रकरणो मे चोरी के संबंध में पीआर प्राप्त कर पूछताछ की जावेगी।

**जप्त मशरुका**

चोरी गया सामान डबल पोल इन्सुलेटर 25 केवी के क्षतिग्रस्त 32 सेट कॉपर के, सेक्शन इन्सुलेटर की 28 छडे कॉपर की किमती 05 लाख रुपये व घटना में प्रयुक्त पीकअप वाहन क्रमांक MP 05 G 7160 किमती 06 लाख रुपये कुल मश्रुका किमती 11 लाख रुपये।

**गिरफ्तार आरोपी**

01 आनन्द पिता पेंशनलाल पारदी उम्र 19 साल निवासी ग्राम डाकपोलिया थाना मण्डी जिला सिहोर (म.प्र.) 02 धनपाल पिता चरणसिंह पारदी उम्र 32 साल निवासी ग्राम डोकपोलिया थाना मण्डी जिला सिहोर (म.प्र.) 03 बालक-01 **सराहनीय कार्य**-निरीक्षक धर्मेंद्र शिवहरे, उनि रविन्द्र प्रताप दांगी, आर. इरफान खान, आर सुनिल डायमा आरक्षक मनीष बनोधा, आर. मोकम सिंह (विशेष भूमिका)

# झांकी के साथ निकाली भव्य चुनरी यात्रा, बड़ी संख्या में भक्त हुए शामिल, जगह-जगह हुआ स्वागत

(शाहरुख मंसूरी)

**मूंदी।** नगर में रविवार को श्री प्राचीन कोटेश्वर महादेव मंदिर समिति के द्वारा भगवान शिव की चलित झांकी के साथ विशाल माता की चुनरी यात्रा निकाली गई। जहां सुबह से मंदिर समिति के सदस्य माता की चुनरी लेकर के श्री कोटेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे जहां बाबा महादेव को विधि विधान के साथ पूजन अर्चन किया। इसके पश्चात चुनरी को सिर पर रखकर ढोल ताशा के साथ नगर भ्रमण कराते हुए श्री राम मंदिर पहुंचे जहां सुबह तेज बारिश के बावजूद भी श्रद्धा और भक्ति का माहौल बना हुआ था। 11 बजे के करीब विशाल चुनरी यात्रा का प्रारंभ श्री राम मंदिर में आरती के बाद किया गया। समिति के सदस्यों की अगुवाई में चुनरी यात्रा में जहां शुरुआत में जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में यात्रा का आरंभ की गई। वहीं यात्रा शिवपुरी मोहल्ला किसान मोहल्ला नर्मदा मंदिर साईं मंदिर होते हुए अटल चौक पहुंची तो यहां पर वरिष्ठ और स्थानीय निवासियों के द्वारा चुनरी यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया ।आगे की यात्रा तालाब मोहल्ला सब्जी मार्केट पहुंची यहां पर राजीव कानूनगो के दुकान के पास भी यात्रा पर पुष्प वर्षा की गई। वहीं माता रानी ने भक्तों को तेज बारिश के रूप में अपना आशीर्वाद दिया तो भक्ति का माहौल बहुत ही अलग बन गया। जहां तेज बारिश के बावजूद भी महिलाएं पुरुष और यात्रा में शामिल जन प्रतिनिधि बारिश में भीगते हुए माता की चुनरी लेकर



के जय माता दी का नारा लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। वहीं महिलाएं भी ढोल ताशा की धुन पर माता रानी को प्रसन्न करने के लिए गरबा नृत्य कर रही थी। यात्रा गणगौर चौक पहुंची तो यहां नगर परिषद अध्यक्षा एवं सांसद प्रतिनिधि के दुकान पर यात्रा का पुष्प वर्षा कर अभिनंदन किया गया। यात्रा माता चौक पहुंची यहा भी भक्तों को चाय के रूप में प्रसादी बांटी गई एवं दुर्गा माता मंदिर परिसर के बाहर श्री दुर्गा उत्सव समिति के सदस्यों के द्वारा यात्रा में शामिल भक्तों के लिए केसर दूध के रूप में प्रसाद बांटा गया। इस दौरान यहां पर मौजूद सभी जन प्रतिनिधियों ने यात्रा पर पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। अंत में मां जगदंबे को समिति के सदस्यों और यात्रा में शामिल सभी श्रद्धालुओं के द्वारा मंदिर के पुजारी भूपेंद्र शास्त्री जी के द्वारा मंत्रोचार के बीच श्रद्धापूर्वक जय अंबे की जयकार करते हुए 101 फुट की चुनरी समर्पित की गई।

# उपयंत्रियों की हड़ताल से पंचायतों के कार्य प्रभावित, हड़ताल की वजह से जनहित के कार्य अवरोध

(विशाल बाबा नामदेव)

**बाग। संगठन के आह्वान पर अपनी आठ सूत्रीय मांगों को लेकर बाग जनपद मे उपयंत्रियों की हड़ताल से पंचायतों के कार्य प्रभावित हो रहे है वही शासन से स्वीकृत जनहित के कार्य भी अवरोध हो गए है।**

पंचायतों में पदस्थ उपयंत्रियों की मांग शासन द्वारा नहीं माने जाने को लेकर पिछले एक माह से अधिक समय बीत गया। हड़ताल पर चले जाने के कारण ग्राम पंचायत के कार्य काफी प्रभावित हो रहे हैं। गंधवानी विधानसभा क्षेत्र की जनपद पंचायत बाग की 48 ग्राम पंचायतों में पिछले एक माह से अधिक समय बीत गया। चारो उपयंत्रियों के हड़ताल पर जाने से सरपंच सचिव सहित क्षेत्र के ग्रामीण परेशान हो रहे हैं। ग्राम पंचायत में कार्यकारी एजेंसी ग्राम




पंचायत रहती है एवं केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा ग्राम पंचायत को आवश्यकता अनुसार निर्माण कार्यों की स्वीकृति प्रदान करती है। उसके बाद जनपद पंचायत द्वारा टीएस जारी कर ग्राम पंचायत निर्माण कार्य प्रारंभ करती है। निर्माण कार्य जैसे-जैसे होता जाता है वैसे-वैसे जनपद के उपयंत्री निर्माण कार्यों का मूल्यांकन कर ग्राम पंचायत के पास खाते में पैसा पहुंचता है। उपयंत्रियों की हड़ताल समाप्त नहीं होने से क्षेत्र की पंचायतों में विकास अवरुद्ध हो रहा है। इधर पंचायतों में निर्माण कार्य चल रहे हैं। इसको लेकर ग्राम पंचायत निर्माण की सामग्री सीमेंट-सरिया, ईंट सहित अन्य सामान दुकानदारों से खरीद कर कार्य करती है, लेकिन निर्माण कार्यों का समय पर मूल्यांकन नहीं होगा तो पंचायत के खातों में राशि नहीं पहुंचेगी। वही नवरात्रि दशहरा दिवाली का त्योहार पास आ रहा है। ऐसी स्थिति में उपयंत्रियों की हड़ताल समाप्त नहीं होगी तो निश्चित ही परेशानी उठाना पड़ेगी।

# राजा बलि से तीन पग भूमि मांगी और तीन पग में ही तीनों लोकों पर अधिकार कर लिया

**(राकेश दुबे)**

**बरेली।** छिंद मंदिर परिसर में आयोजित सात दिवसीय श्री वामन महापुराण कथा के अंतिम दिवस मैं सोताओं को कथा का रसपान कराते हुए कहा वामन भगवान ने राजा बलि को कथा नहीं सुनाई, बल्कि उन्होंने राजा बलि से तीन पग भूमि मांगी और तीन पग में ही तीनों लोकों पर अधिकार कर लिया, जिससे बलि को पाताल लोक जाना पड़ा। यह कहानी भगवान विष्णु के वामन अवतार से जुड़ी है, जो राजा बलि के अहंकार को खत्म करने और धर्म की स्थापना के लिए लिया गया था।

**कथा वाचक बताते हैं कि वामन अवतार की कथा**

राजा बलि का राज सतयुग में, असुर राजा बलि ने अपनी योग्यता से स्वर्ग और पृथ्वी सहित तीनों लोकों पर अपना अधिकार जमा लिया था, जिससे देवता बहुत दुखी थे।

**वामन अवतार का जन्म-**

देवताओं की माता अदिति ने अपने पति ऋषि कश्यप के कहने पर एक व्रत किया, जिससे प्रसन्न होकर भगवान विष्णु ने वामन अवतार लिया।

**तीन पग भूमि की याचना-**

भगवान वामन, छोटे बौने ब्राह्मण के रूप में, राजा बलि के यज्ञ स्थल पर पहुंचे और उनसे तीन पग भूमि मांगी।

**बलि का संकल्प-**

गुरु शुक्राचार्य के मना करने पर भी, दानवीर राजा बलि ने वामन को तीन पग भूमि देने का वचन दे दिया।

**तीन पग का नापा-**

वामन भगवान ने अपना विशाल रूप लिया। पहले पग में पृथ्वी और दूसरे पग में आकाश को नाप लिया।

**वामन भगवान का तीसरा पग-**

जब वामन ने पूछा कि तीसरा पग कहां रखूं, तब राजा बलि ने अपना संकल्प पूरा करने के लिए तीसरा पग



अपने सिर पर रखने के लिए कहा।

**पाताल लोक में निवास-**

वामन भगवान ने राजा बलि के सिर पर पैर रखकर उन्हें पाताल लोक में भेज दिया, और इस प्रकार धार्मिक संतुलन बहाल हुआ।

**कथा का संदेश**

यह कथा हमें सिखाती है कि अहंकार और दंभ से जीवन में कुछ हासिल नहीं होता, बल्कि परोपकार ही मनुष्य का कल्याण करता है।

यह राजा बलि की दानशीलता और वचनबद्धता को भी दर्शाती है, जिसने उन्हें पाताल लोक में भगवान के साथ रहने का आशीर्वाद मांगा द्य दिवस पर मंदिर अध्यक्ष कृष्ण कुमार रघुवंशी ने रघुवंशी ने सह परिवार के साथ कथावाचक और बामन महापुराण शास्त्र की पूजन की।

# तुलजा भवानी गरबा बना आस्था और संस्कृति का प्रतीक

**(ब्यूरो चीफ राकेश सिंह 8226096301)**

**बैतूल। नवरात्रि पर्व पर कुनबी समाज महिला संगठन द्वारा तुलजा भवानी गरबा का भव्य आयोजन किया गया। गरबा महोत्सव में समाज की बहनों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर माहौल को उत्साह, आस्था के रंग से भर दिया।**

पूरे कार्यक्रम में देवी आराधना और गरबा की गूंज से वातावरण भक्तिमय बन गया। संरक्षक बहनों ने अपनी पारंपरिक महाराष्ट्रीयन वेशभूषा में सजीवता और सांस्कृतिक आभा बिखेरते हुए आरती और लेजिम लेकर गरबा खेला। उनकी अद्भुत प्रस्तुति ने कार्यक्रम को खास बना दिया और वातावरण में भक्ति, उत्साह और सांस्कृतिक रंगों की अनोखी छटा बिखेर दी।

कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज की बहनों और का महत्वपूर्ण योगदान रहा। आयोजन के समापन अवसर पर महिला संगठन अध्यक्ष सिद्धलता महाले ने सभी का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि गरबा जैसे आयोजन बिना सहयोग और सहभागिता के संभव नहीं होते। आप सभी के सहयोग से यह कार्यक्रम यादगार बन सका।

नगरपालिका अध्यक्ष पार्वतीबाई ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। वरिष्ठ संरक्षक बहनों प्रभा ताई वागद्रे, चन्द्रकान्ता ताई लिखितकर, माधुरी ताई साबले, जया ताई मानकर, कल्पनाताई धोटे, चन्द्रकला ताई गावंडे, अल्काताई लिखितकर, लता ताई देशमुख, मधुबाला ताई देशमुख, पूर्व अध्यक्ष संगीता ताई घोड़की और रेखा ताई बारस्कर को विशेष धन्यवाद दिया गया जिन्होंने गरबा शुभारंभ की अनुमति और सहयोग प्रदान किया।



जिलाध्यक्ष प्रवीण ठाकरे के सहयोग के लिए भी आभार व्यक्त किया गया। प्रभारी बहनों अल्काताई साबले, लता ताई कनाठे, जमुना ताई पंडाग्रे और सुमित्राताई माकोड़े को विशेष रूप से धन्यवाद दिया गया। गरबा सिखाने के लिए धीरज दाते, एरिना लगाने वाले प्रितम लोखण्डे, साउंड व्यवस्था संभालने वाले भाई, स्थल उपलब्ध कराने वाले पवार भैया व गलफट भैया तथा नाश्ता-पानी व्यवस्था करने वाले साथियों को भी याद किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यकारिणी बहनों उपाध्यक्ष सुनिता देशमुख, सह उपाध्यक्ष संगीता चढ़ोकार, सचिव ज्योति बारस्कर, सह सचिव अल्का वागद्रे, कोषाध्यक्ष वंदना पंडाग्रे, सह कोषाध्यक्ष दिपिका वागद्रे और संयुक्त सचिव दुर्गा दवंडे का विशेष योगदान रहा। सभी प्रतिभागी बहनों और आरती करने वाली बहनों का भी आभार व्यक्त किया गया।

जिलाध्यक्ष प्रवीण ठाकरे, सेवा संगठन अध्यक्ष मुन्नाभाई मानकर, मनोज धोटे, वरिष्ठ एडवोकेट, ताप्ती दर्शन के संपादक एवं समाजसेवी संजय (पप्पी) शुक्ला, सुनिल दुबे और दर्शकों का भी अभिनंदन किया गया।

एंकरिंग की भूमिका निभाने वाली योगिता गायकवाड, वर्षा वाघमारे और संजीवन धोटे को विशेष धन्यवाद दिया गया। वहीं गिफ्ट वितरण की व्यवस्था संभालने वाली ममताताई कुबड़े और सुनन्दा बरडे का भी अभिनंदन किया गया। अंत में सभी को नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं और मां तुलजा भवानी से सुख, शांति और समृद्धि की मंगलकामना की गई।

# बच्चों के साथ मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने सुनी मन की बात



**(राकेश दुबे रिपोर्टर)**

**बरेली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मन की बात का 126 वां एपिसोड में मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने उदयपुरा विधानसभा के खरगौन मण्डल के कामतौन बूथ नंबर 97 पर सेवा भारती के संस्कार केन्द्रो के बच्चों एवं बूथ अध्यक्ष

**साथ मन की बात सुनी**

मन की बात में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सागर परिक्रमा करने वाली दो अफसरों की चर्चा के साथ छठ पूजा-दिवाली का जिक्र करते हुए संघ की 100 वीं शताब्दी की बात भी और PM की त्योहारों में स्वदेशी खरीदने की अपील मन की बात कार्यक्रम के बाद मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने संबोधित करते हुए कहां प्रधानमंत्री की मन की बात में भारत की आत्मा की बात समाहित होती है प्रधानमंत्री ने आज मन की बात में संघ की 100 वीं शताब्दी की बात भी की जो गर्भ की बात है डबल इंजन की सरकार व्यापार को कैसे सरल बना सके उस दिशा में काम कर रही है।

आज एक सप्ताह के अंदर फूड लाइसेंस बन रहे हैं प्रधानमंत्री जी की दूर दृष्टि सोच के कारण ही संभव हो पा रहा है और मंत्री पटेल ने सामाजिक समरसता पर अधिक जोर दिया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी जिला महामंत्री नेपाल सिंह राजपूत, जिला मंत्री पवन रघुवंशी, राजेन्द्र सिंह ठाकुर, जिला सह-मीडिया प्रभारी रोहित चौधरी, मण्डल अध्यक्ष अभिषेक रघुवंशी, मण्डल अध्यक्ष अभिषेक राजपूत सहित क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पंच परिवर्तन से होगा समाज में सकारात्मक परिवर्तन-राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ

**(जमना प्रसाद चौबे)**

**दमोह। शहीद भगत सिंह की जन्म जयंती पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का महाविद्यालयीन इकाई द्वारा पथ संचलन रविवार को आयोजित किया गया।**

नगर की अलग अलग बस्ती से आए स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम में शामिल हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महाविद्यालय कार्यकर्ताओं ने पथ संचलन किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में नगर के तहसील मैदान में स्वयंसेवकों का गणवेश में एकत्रीकरण हुआ जहां पर ध्वज प्रणाम के साथ कार्यक्रम के मुख्य रूप राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक श्रीमान भईयन कुमार न और नगर संघचालक डॉ विक्रांत चौहान जी रहे।

इस दौरान जिला प्रचारक ने अपने उद्बोधन में कहा कि सशक्त राष्ट्र और समाज के लिए संघ के शताब्दी वर्ष पर हम पंच परिवर्तन को लेकर चल रहे है।अपने राष्ट्र को महान बनाने और 2047 तक एक बेहतर विश्व में योगदान देने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने व्यापक चिंतन किया और पंच परिवर्तन नामक पाँच सूत्र विकसित किए, जिसमें स्व बोध, पर्यावरण, सामाजिक समरसता,नागरिक शिष्टाचार, कुटुम्ब प्रबोधन इन महत्वपूर्ण बिंदुओं पर कार्य करने से हमारे राष्ट्र का भविष्य तय होगा।

तहसील मैदान में एकत्रीकरण, ध्वज प्रणाम, गीत वंदना और उद्बोधन के पश्चात स्वयं सेवकों का पथ संचलन प्रारंभ हुआ जिसमें घोष के साथ संचलन करते हुए नगर के मुख्य मार्गो से निकले। इस दौरान जगह जगह लोगों ने सड़को पर पुष्प बिछाकर और स्वयंसेवकों पर पुष्पवर्षा कर पथ संचलन का स्वागत किया। मुख्य मार्गो के पश्चात पथ संचलन पुनः अपने प्रारंभिक स्थल तहसील मैदान पहुंच जहां पर कार्यक्रम का समापन किया गया।







# आज जिले में 32 स्थानों पर किशोरी बालिकाओं की स्वास्थ्य जांच के लिए विशेष शिविरों का आयोजन

**नीमच। जिले में आयोजित किया जा रहा सेवा पखवाड़ा के तहत कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के निर्देशानुसार स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत आज 29 सितंबर को नीमच जिले की विभिन्न 32 शिक्षण संस्थानों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा किशोरी बालिकाओं की स्वास्थ्य जांच के लिए शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नीमच डॉ. आर.के. खद्योत ने बताया कि जिले में 17 सितंबर से स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत 29 सितंबर को जिले में प्रत्येक आयुष्मान आरोग्य मंदिर के साथ ही 32 शैक्षणिक संस्थाओं में विशेष स्वास्थ्य सह परामर्श शिविरों का




आयोजन किया जा रहा है । डॉ खद्योत ने बताया कि आई आई टी डूंगलावदा,ज्ञानोदय इंटरनेशनल स्कूल, स्प्रिंगवुड स्कूल, क्रिएटिव माइंड पब्लिक स्कूल, महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल, पटेल पब्लिक स्कूल, पटवा अकादमी, श्री कृष्णा कॉलेज, तिवारी कॉलेज सहित कुल 32 शासकीय, निजी स्कूलों, कॉलेजों, अकादमी में किशोरी बालिकाओं के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

इन शिविरों में किशोरी बालिकाओं का हीमोग्लोबिन परीक्षण के साथ ही अन्य स्वास्थ्य जांच की जाकर पोषण परामर्श, व्यक्तिगत स्वच्छता पर समझाइश भी दी जाएगी। डॉ खद्योत ने सभी संस्थाओं के संचालक और छात्राओं और किशोरी बालिकाओं से सोमवार को आयोजित किए जा रहे विशेष स्वास्थ्य जांच शिविरों का अधिकाधिक लाभ उठाने का आह्वान किया है।

# मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ का दायित्व संभालेंगे वाघेला



**(आशीष वाणी जिला ब्यूरो)**

**आलीराजपुर। राज्य कर्मचारी संघ की सभा मे सर्वसम्मति से राजेश आर. वाघेला को जिलाध्यक्ष तो लालसिंग डावर को जिलासचिव का दायित्व सौंपा गया। यह मनोनयन सर्व सम्मति से संपन्न हुआ।**

बता दें कि भारतीय मजदूर संघ से संबंध मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ की महत्वपूर्ण सभा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत श्रीवास्तव,प्रदेश महामंत्री जितेंद्रसिंह के मार्गदर्शन में प्रदेश मंत्री देवेंद्र रघुवंशी, सम्भागीय अध्यक्ष इंदौर मुकेश सेन की विशेष उपस्थिति में स्थानीय आजाद भवन में रखी गई। जिसमें जिले की नवीन कार्यकारिणी का गठन भी सर्वानुमति से किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर सर्वप्रथम आमंत्रित अतिथियो ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया।

सरस्वती वंदना संगीता चावड़ा व संघ गीत लोकेश व्यास ने प्रस्तुत किया। सभा में कर्मचारियों से संबंधित प्रदेश स्तरीय व जिला स्तरीय समस्याओं-मांगों पर चिंतन करते हुए भंगुसिह तोमर, शरद श्रीरसागर, लालसिह डावर, सुरेंद्र चौहान ने बात रखते हुए आगामी रणनीति तय की, इसके साथ ही राज्य कर्मचारी संघ अलीराजपुर की नवीन कार्यकारिणी का गठन भी किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री रघुवंशी एवं श्री सेन ने कहा भारतीय मजदूर संघ से संबंध राज्य कर्मचारी संघ देश का सबसे बड़ा संगठन है, जिसमें कर्मचारी हित के साथ-साथ राष्ट्रीय हित को महत्व भी दिया जाता है।

राज्य कर्मचारी संघ ने अनेको ऐसे कार्य किए हैं जो समस्त कर्मचारियों के हित से जुड़े हैं। सर्वसम्मति से राजेश आर. वाघेला को जिलाध्यक्ष बनाया गया, उनके नाम की घोषणा होते ही कर्मचारियों मे खुशी की लहर दौड़ पड़ी व खुशी में कर्मचारियों ने आतिश बाजी कर ढोल नगाडे बजाते हुए बसस्टैंड होते हुए पंचमुखी मंदिर तक विजय जुलूस भी निकाला।

**इन्हें मिली जिले की जिम्मेदारी**

जिला अध्यक्ष राजेश आर वाघेला, उपाध्यक्ष पंचायत सचिव कुंवरसिंह भिंडे, लघु वेतन कर्मचारी प्रकाश गुजराती, कृषि विभाग सुमन गाडरिया, वन विभाग नरपत कलेश, शिक्षा विभाग सुरेंद्र चौहान, दुष्यन्तसिंह जादव, वेलकु किराड,राजस्व विभाग निर्मला मायडा, शिक्षा विभाग पूर्णिमा व्यास, विद्या बंडोर,न्याय विभाग उमेश वर्मा, सचिव लालसिंह डावर,सहसचिव पातालसिहचौहान, स्थाई कर्मी, जयराम, कोषाध्यक्ष आयुष विभाग रामसिंह तोमर, संगठन मंत्री गुलसिह,सोलंकी, सेवानिवृत्त बद्रीलाल भटोद्रा, प्रवक्ता राजेन राठौर, कार्यालय मंत्री विपुल चौहान, कार्यकारी सदस्य सुदेश वाघेला को बनाया गया। कार्यक्रम मे बड़ी संख्या में विभिन्न विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे। संचालन जितेंद तंवर व आभार सुरेंद्र चौहान ने माना।

# नवरात्रि में सरस्वती शिशु मंदिर में नौ देवियों की पूजन कर किया गया कन्या भोज

**(संतोष शर्मा बैरसिया 8878686878)**

सरस्वती शिशु मंदिर जैन कॉलोनी बैरसिया में नवरात्रि के पावन अवसर पर विद्यालय में नौ देवियों के स्वरूप में बालिकाओं का पूजन कर कन्या भोज और उपहार प्रदान कर सम्मान किया गया, कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माँ सरस्वती की वंदना और प्रार्थना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर अर्जुन शिक्षा समिति के अध्यक्ष राजीव शर्मा, सचिव दीपक दुबे, सदस्य सुनील जाटव, प्रधानाचार्य श्रीमती प्रीती जैन द्वारा विधि विधान से कन्याओं का पूजन कर आरती उतारी और समिति के पदाधिकारी एवं श्रीमती ब्यूटी गुप्ता एवं प्रेमलता शर्मा द्वारा कन्याभोज एवं सहभोज कराया गया। अर्जुन शिक्षा समिति के अध्यक्ष राजीव शर्मा ने कहा कि नवरात्रि के अवसर पर कन्याओं का पूजन हमारी परंपरा और संस्कृति की जीवंत धरोहर हे,जो मातृ शक्ति के सम्मान और शक्ति की उपासना का प्रतीक है। अर्जुन कन्याओं का आदर होता हे वहां देवी लक्ष्मी और दुर्गा का वास माना जाता हे जिससे परिवार में प्रेम और एकता बढ़ती




शिक्षा समिति के सचिव नगर के वरिष्ठ समाजसेवी दीपक दुबे ने कहा कि कन्या पूजन में कन्याओं को देवी दुर्गा का स्वरूप माना जाता हे,जिससे उन्हें समाज में सम्मान और आदर मिलता है, जिस घर में हे।कार्यक्रम का सफल आयोजन प्रधानाचार्य के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ, जिसमे विद्यालय परिवार, अभिभावक, भैया बहिन और समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित था।

# क्षेत्रीय विधायक प्रहलाद लोधी द्वारा एक बगिया माँ के नाम योजना अंतर्गत पौधरोपण करके योजना का शुभारम्भ किया

**(समीम मंसूरी)**

**पवई। शासन कि महत्वपूर्ण नवीन योजना एक बगिया माँ के नाम अंतर्गत आजीविका मिशन स्व सहायता समूह सदस्यो को एक एकड़ भूमि मे सौ पौधों कि बगिया लगाया जाना है। विकासखंड पवई मे सौ हितग्राहियो को बगिया लगवाने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है।**

सीईओ जिला पंचायत पन्ना के निर्देशानुसार और डीपीएम आजीविका मिशन एवं सीईओ जनपद पंचायत के मार्गदर्शन मे एक बगिया माँ के नाम योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है।

विधायक प्रहलाद लोधी द्वारा ग्राम पंचायत पड़वार के खैरी गांव कि स्व सहायता समूह सदस्य हितग्राही श्रीमती मालती देवी के खेत मे पौधरोपण करके योजना का शुभारम्भ किया गया।


कार्यक्रम मे मण्डल अध्यक्ष भाजपा मोहन्द्रा, जनपद सदस्य, सरपंच ग्राम पंचायत पड़वार, सीईओ जनपद पंचायत पवई, ब्लॉक मैनेजर आजीविका मिशन पवई, एपीओ नरेगा पवई, एबीएम आजीविका मिशन पवई, सचिव,जीआरएस,क्षेत्रीय समन्वयक सीएलएफ मोहन्द्रा, समस्त सीआरपी उपस्थित रहे।



# नगर में गरबों का मुख्य स्थल, लग रहा है मेला

**(रामेश्वर सोनी)**

**डही।** नगर सहित अंचल के अति प्राचीन मां कालिका मंदिर चहूं और हरियाली से घिरा हुआ है। मंदिर परिसर में भी बड़ी संख्या में पेड़ पौधे लह लहा रहे हैं। प्राकृतिक रूप से तो इस मंदिर की छठा देखते ही बनती है। वही धार्मिक रूप से भी यह मंदिर नगर सहित अंचल के श्रद्धालुओं का सबसे बड़ा धार्मिक केंद्र है। नवरात्री में यहां प्रतिदिन मां कालिका की भव्य प्रतिमा का आकर्षक श्रंगार किया जा रहा है। संत और पुजारी हनुमान दास जी महाराज द्वारा प्रतिदिन आरती की जा रही है, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु सम्मिलित हो रहे हैं। नगर के गरबों का यह मुख्य स्थल है। रात्रि होते ही यहां रौनक बिखर रही है। दर्शन पूजन के बाद गरबों में भक्त रम रहे हैं। अष्टमी और नवमी के दिन यहां पर विशेष रूप से हवन अनुष्ठान आयोजित होंगे। वहीं नगर के कचहरी चौक स्थित खेमज और हरसिद्धि माता मंदिर में भी भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। इधर क्षेत्र के ग्राम धरमराय (कुआं), अतरसुमा, बड़वान्या पड़ियाल, गांगपुर, कवड़ा, अराड़ा, पन्हाल आदि ग्रामों में भी नवरात्री पर विशेष उत्साह नजर आ रहा है। ग्रामीण अंचल में भी माता की भक्ति और



आराधना के साथ गरबों का उल्लास चरम पर है। डही का मंदिर इस तरह हरियाली से घिरा नजर आता है। डही के मंदिर में प्रवेश के साथ ही हरियाली नजर आती है। डही स्थित माताजी मंदिर रात्रि में रोशनी से जगमग हो उठा है।

# सेंट जॉन स्कूल में धूमधाम से मना गरबा महोत्सव

(राजेंद्र योगी)

**बागली।** सेंट जॉन हायर सेकेंडरी विद्यालय, चापड़ा में गरबा महोत्सव बड़े उत्साह और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। विद्यार्थियों की कक्षावार अलग-अलग टोलियां बनाई गई। छोटे छोटे बच्चों एवं बालिकाओं ने सांस्कृतिक सभ्यता रंग-बिरंगे परिधानों में गरबा क्रिया। विद्यालय परिसर गरबा की सुरलहरियों से गूंज उठा। कार्यक्रम की शुरुआत कक्षा 7वीं के विद्यार्थियों द्वारा संचालित प्रार्थना सभा से हुई। शिक्षकों ने गरबा विषय पर जानकारी प्रस्तुत कर सभी को भारतीय संस्कृति की गहराई से अवगत कराया। विद्यालय के सांस्कृतिक क्लब ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियाँ दीं। सभी विद्यार्थियों को पारंपरिक परिधानों में आने की अनुमति दी गई थी। लड़के कुर्ता-पायजामा में तथा बालिकाएँ लहंगा-चुन्नी एवं अन्य पारंपरिक वेशभूषा में सुसज्जित होकर शामिल हुए, जिससे वातावरण उत्सवमय हो गया। इस गरबा महोत्सव की विशेषता यह रही कि आर.वी. म्यूज़िक प्रोडक्शन ग्रुप, इंदौर के कलाकारों ने विद्यालय प्रांगण में लाइव गरबा प्रस्तुत किया। ढोल, ताशे और गरबा गीतों पर विद्यार्थी, शिक्षक और अभिभावक झूमते रहे।



इस अवसर पर विद्यालय के फादर सोनी एंथनी ने कहा कि इस प्रकार का उत्सव भारतीय संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। नवरात्रि के दौरान ऐसे आयोजन विद्यालय की रौनक बढ़ाने के साथ-साथ विद्यार्थियों में परंपरागत मूल्यों के प्रति जागरूकता लाने का महत्वपूर्ण कदम हैं।

अंत में मोहित गुप्ता व सांस्कृतिक क्लब की कैप्टन निकीता आलवा ने सभी विद्यार्थियों की ओर से विद्यालय प्रबंधन, प्राचार्या, आर.वी. म्यूज़िक प्रोडक्शन ग्रुप तथा इस आयोजन में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग देने वाले सभी का धन्यवाद व आभार प्रकट किया।

## विप्र रक्त संगठन आलोट की कार्यकारिणी घोषित, खारोल अध्यक्ष, निगम को सचिव बनाया गया

(अनिल भरावा)





**आलोट।** मध्यप्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों की सामाजिक रक्त संस्था के अंतर्गत विप्र रक्त संगठन मध्यप्रदेश द्वारा आलोट क्षेत्र की कार्यकारिणी की घोषणा की गई।

विप्र रक्त संगठन मध्यप्रदेश के संस्थापक दिनेश शर्मा मीण द्वारा विप्र रक्त संगठन आलोट इकाई के अध्यक्ष पद पर नकुल खारोल,उपाध्यक्ष पद पर, विजय पुरोहित,अशोक पांचाल,सचिव योगेश निगम, कोषाध्यक्ष धिरेन्द्र सिंह निगम, समन्वयक शांतिलाल शर्मा,जिला प्रवक्ता आशीष खारोल, सहसचिव भोला पाटीदार आदी को बनाया गया साथ ही। कार्यकारिणी सदस्य-रवि निगम, लखन दास बैरागी, महेश निगम,पंडित दुर्गेश दुबे, महेश परिहार, गोरव भैसोटा, मुर्तजा ईज्जी, लोकेन्द्र भैसोटा, श्रीमती हेमलता सोनी, श्रीमती संतोष भाटी, रुकमा डाबी को बनाया गया।

## खकनार पुलिस द्वारा हत्या के प्रकरण में आरोपी को गिरफ्तार किया

## पारिवारिक विवाद को लेकर पति ने की थी पत्नी की हत्या

(जिला ब्यूरो चीफ रेखा लहासे)

**बुरहानपुर। जिले के थाना खकनार क्षेत्र के में दिनांक 27/09/2025 को सूचना प्राप्त हुई की ग्राम पांगरी कांताबाई पति कैलाश कास्डेकर जाति कोरकू की संदेहस्पद मृत्यु हुई है।**

सूचना थाना प्रभारी निरीक्षक अभिषेक जाधव, एफएसएल अधिकारी एवं मय फोर्स के घटना स्थल पहंचे तथा घटना स्थल का निरीक्षक कर साक्ष्य एकत्रित किये तथा मौके पर मर्ग कायम कर जाँच में लिया गया।

जाँच के दौरान मृतिका के लडके श्यामलाल एवं अजय से पुछताछ कर कथन लिये जिन्होने बताया कि दिनांक 26/09/2025 को उनके माता पिता दोनो का विवाद चल रहा था जिन्हे उनके लडको व्दारा समझा दिया गया था। रात्री में करीबन 02 बजे पिता कैलाश व्दारा मां कांताबाई को खाना मांगने की बात पर से विवाद कर मां कांता को लकडी से मारपीट की तथा हाथो से मां कांताबाई का गला दबाकर हत्या कर दी। मृतिका के लडके श्यमायलाल पिता कैलाश के कथन एवं मर्ग जाँच पर से अपराध धारा 103(1) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र पाटीदार व्दारा घटना स्थल का निरीक्षण किया गया एवं निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक अभिषेक जाधव व्दारा टीम गठित कर दिनांक 27/09/2025 को ग्राम पांगरी से आरोपी कैलाश पिता पन्नालाल कास्डेकर जाति कोरकू को पुछताछ हेतु लेकर आये पुछताछ करते आरोपी ने अपना जुर्म करना स्वीकार किया बाद गिरफ्तार कर न्यायालय बुरहानपुर पेश किया गया। महत्वपूर्ण भूमिका निरीक्षक अभिषेक जाधव, उनि बी.एल. मंडलोई, उनि रामेश्वर बकोरिया, सउनि तारक अली, सउनि कुबेरसिंह जाटव एवं स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।



## उमराह के मुकद्दस सफर पर हुए रवाना



(अरशद जागीरदार)

**तराना।** नगर में कल जाकिर भाई मेव उमराह के मुकद्दस सफर पर रवाना हुए जी कल नयापुर जमात खाने में कल जाकिर भाई ने उमराह के मुकद्दस सफर के लिए बिदाई ली जहां बड़ी संख्या में समाज जन ने पहुंच कर उन्हें हार साफा पहना कर बधाई दी जाकिर भाई कल मक्का मदीना के लिए रवाना हुए जहां पहुंच वह एक माह तक अपने अल्लाह की इबादत कर देश में शांति उन्नति और तरक्की के लिए दुआ करेंगे मक्का मदीना पहुंच मुस्लिम समाज के लोग मक्का के चारों ओर तवाफ कर अपने अल्लाह को राजी करते हैं साथ ही सफा मरवा की पहाड़ियों में भी जाते है मक्का मदीना के सफर को मुस्लिम समाज में सबसे पवित्र और महत्वपूर्ण स्थान माना जाता है यह यात्रा करना मुस्लिम समाज में न केवल जरूरी है बल्कि हर मुस्लिम पर फर्ज भी है इसी कड़ी में कल जाकिर भाई मक्का मदीना के लिए तराना नगर से रवाना हुए।

## मां हरसिद्धि मंदिर परिसर में चलाया स्वच्छता अभियान

(संतोष शर्मा बैरसिया 8878686878)

भोपाल से 40 किलोमीटर दूर स्थित क्षेत्र का प्रसिद्ध प्राचीन मां हरसिद्धि मंदिर तरावली में रविवार को क्षेत्र के समाजसेवी एवं सभी दलों के क्षेत्रीय नेताओं ने नवरात्र के पावन अवसर पर एक दिवसीय स्वच्छता अभियान चलाया जिसमें उपस्थित जनों ने मंदिर प्रांगण में साफ सफाई की वही इस अभियान में आम जनता जनार्दन में भी अपनी सहभागिता दी। स्वच्छता अभियान के दौरान सभी ने मंदिर परिसर एवं आसपास स्थित छोटे-बड़े दुकानदार भाइयों बहनों के साथ साथ मंदिर में दर्शन करने आने वाले भक्त जनों से भी मंदिर परिसर में स्वच्छता बनाए रखने के लिए निवेदन करते हुए स्वच्छता के लिए प्रेरित किया। इस दौरान बरिष्ट कांग्रेस नेता पूर्व राज्यसभा सांसद सुरेंद्र सिंह ठाकुर, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गोपाल सिंह मीणा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजमल कुशवाहा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मदन सिंह ठाकुर सहित क्षेत्रीय समाजसेवी, जनप्रतिनिधि एवं सभी दलों के नेता पदाधिकारी मौजूद रहे।



## अंबे थारो गरबो रम तो जाए गीत पर किया गरबा

(धर्मेंद्र सोलंकी)

बाग में शारदीय नवरात्रि का पावन पर्व बाग नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पूरे उत्साह के साथ मनाया जा रहा है जगह-जगह सजे गरबा पांडालों में अंबे थारो गरबो रम तो जाए, जैसे लोकप्रिय भजनों पर भक्तों का थिरकना जारी है जैसे ही शाम ढलती है झील मिलाती रोशनी और डांडियों की खनक से पूरा माहौल भक्ति और उल्लास से भर उठता है। बाग क्षेत्र में आयोजकों ने प्रतिदिन महा आरती के बाद गरबा का आयोजन किया है जिससे युवाओं और महिलाओं में गरबा को लेकर उत्साह दोगुना हो गया है नगर के मातृशक्ति गरबा मंडल बायपास, जैन गेट,माता दरवाजा, गवलीपुरा चौक, महाकालेश्वर मार्ग, श्रीराम मार्ग, आई माता मंदिर, बंशी कॉलोनी, शिमला चौपाटी, किला कॉलोनी, में रंग-बिरंगे पारंपरिक वेशभूषा में सजे भक्त मां के भजनों पर जमकर थिरक रहे हैं।



प्रकाशक, मुद्रक धवन माहेश्वरी, मालिक गजेन्द्र माहेश्वरी द्वारा उदयरत्न ऑफसेट,10/2, दारू गोडाउन के आगे, आगर रोड़, उज्जैन (मध्यप्रदेश) से मुद्रित, 190, विधापति नगर, नानाखेड़ा, उज्जैन (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित
संपादक:शानू माहेश्वरी, ( 9754776006, 7974826006, 8643056464,9575154444) समाचार पत्र में प्रकाशित प्रत्येक समाचार के लिए प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों के निपटारे हेतु न्यायालय क्षेत्र उज्जैन ही रहेगा । समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एट के तहत जिमेदार। कानूनी सलाहकार तनुज दीक्षित (अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट)।